अमर उजाला 03/04/2024

रंगमंच कार्यशाला में जाना अभिनय कौशल

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कार्यशाला के दौरान मौजूद छात्र व अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में कलाश्री के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक विभाग, संस्कृत ,पंजाबी, अंग्रेजी, हिंदी, जनसंचार विभाग की ओर से सात दिवसीय रंगमंच कार्यशाला का आगाज हुआ। कार्यशाला का आगाज दो से लेकर आठ अप्रैल तक किया जाएगा।

इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वहीं कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में कलाश्री के डायरेक्टर अशोक लहरी ने शिरकत की। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने दीप प्रज्वलन कर किया।

प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने कहा कि जीएमएन कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। इसी संदर्भ में विद्यार्थियों को कला और साहित्य के क्षेत्र में प्रेरित करने हेतु कॉलेज प्रशासन ने यह महत्वपूर्ण कार्यशाला लगाई है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता अशोक ने विद्यार्थियों को रंगमंच के विभिन्न पहलुओं जैसे अभिनय कौशल, संवाद कला और नाटकीय प्रस्तुति जैसे विषयों पर जानकारी दी। इस अवसर पर कला श्री के डायरेक्टर टीएस दुग्गल, डॉ अनीश, रितु, जसवीर, सोहन मौजूद रहे।